
जंगल की सैर

नैन बोडुसवर्थ


हिंदी: जलज शर्मा



जंगल की सैर

नैन बोड्सवर्थ


हिंदी: जलज शर्मा



किम एंडरसन को समर्पित



सभी भुलक्कड़ व अनमने माता पिता
तथा अति उत्साही अध्यापकों के लिए



"शुभ प्रभात, बच्चों। सभी बच्चे एक पंक्ति बना लें और ध्यान से मेरी बात सुने," जेलाबाई अध्यापिका ने कहा। "आज प्रकृति अध्ययन का दिन है और हम सब जंगल में एक मजेदार सैर के लिए चलेंगे।"

कक्षा के सभी बच्चे दो-दो के जोड़ों में एक के पीछे एक कतार में खड़े हो गए।

टिम और मारिया

पीटर और जिम

माइ लिन और पैनी

जेक और जैनी


पौल और टोनी

और मिलौनी एवं किम

और वह स्कूल के गेट से

निकल कर जंगल में जा पहुंचे।





"सभी बच्चे ध्यान से सुने," मिस जेलाबाई ने कहा, "यदि हम पगडंडी पर चलेंगे तो हम सब पूरी तरह से सुरक्षित रहेंगे। यहां हम प्रकृति अध्ययन के लिए आए हैं इसलिए ध्यान से अपने आसपास देखते हुए चलें। यदि तुम्हें कुछ रोमांचक दिखाई दे तो मुझे बताना, फिर मैं सभी बच्चो को वह दृश्य दिखा पाउंगी।"

टिम ने देखा कि एक बड़ा सा अजगर
उनके पीछे पीछे आ रहा था।
"मिस....", वह चिल्लाया।
पर मिस जेलाबाई ने उस पर ध्यान नहीं दिया।




मिस जेलाबाई बोली, "वो देखो बच्चों, उस पेड़ के ऊपर ध्यान से देखो। वहां एक बड़ा सा पंख वाला काला मकड़ा है जिसने अभी अभी एक मक्खी को पकड़ा है। जंगल में हम कितनी अद्भुत चीजें देख सकते हैं।"


"मिस, कृपया सुने," टिम फिर से चिल्लाया। "अभी नहीं टिम" मिस जेलाबाई ने कहा।




मिस जेलाबाई बोली, "हे भगवान, बच्चों, यहां घास पर ध्यान से देखो। देखो कैसे चींटियां इस भृंग को घसीट कर ले जा रही हैं। जंगल कितना भयानक भी हो सकता है।"



"प्लीज़ मिस जेलाबाई ....," टिम एक बार फिर से चिल्लाया।
"सिर्फ एक मिनट, बेटा," मिस जेलाबाई बोलीं।



मिस जेलाबाई बोलीं, "ओह, बच्चों, इन शिलाओं के नीचे देखो,
क्या तुमने देखा कैसे छिपकली ने झींगुर को निगल लिया?
जंगल में जीवित रहने के लिए फुर्तीला होना बहुत जरूरी है।"



"मिस जेलाबाई, कृपया आप..."
टिम ने फिर से कहने की कोशिश की।
"टिम अपनी बारी का इंतजार करो।"



मिस जेलाबाई बोलीं," बच्चों, घेरा बनाकर इस पौधे के अंदर देखो। देखो कैसे तितली का बच्चा इसमें गिर गया है। जंगल में कोई भी सुरक्षित नहीं है।"

"कृपया सुने मिस जेलाबाई, देखिए....." टिम चिल्लाया।
"टिम बेटा, बीच में मत बोलो!"





मिस जेलाबाई बोली, "बच्चों यहां आओ, और इन छोटी छोटी मछलियों को पानी में तैरते हुए देखो। क्या ये पिराना मछली है? हमें स्कूल वापस जाकर इनके बारे में और पढ़ना चाहिए।"



"अरे, मिस जेलाबाई, कृपया मेरी बात सुने," टिम चिल्लाया, "उस बड़े अजगर ने पीटर, मारिया और जिम, माइ लिन और पैनी, जैक ओर जैनी, पौल और टोनी और मिलौनी और किम सबको निगल लिया है। सिर्फ मैं ही बचा हूं।"

"हां बेटा, में सुन रही हूं," मिस जेलाबाई बोलीं।





"पास आ जाओ बच्चों, अगर तुम दबे पांव आकर इस तने के पार देखोगे तो तुम दुनिया का सबसे खूबसूरत पेड़ों पर रहने वाला पीला मेंढक देख पाओगे," मिस जेलाबाई बोलीं।

"टिम, मुझे खींचना बंद करो।"

"मदद," टिम चिल्लाया।

"क्या बोले तुम, बेटा।"




फिर मिस जेलाबाई मुड़ी और उन्होंने एक बड़े, मोटे और गठीले अजगर को जंगल के रास्ते में पड़ा हुआ देखा।



"तुम यहां क्या कर रहे हो, और मेरे विधार्थी कहां गये," वह चिल्लाईं।

अजगर ने केवल एक डकार ली।



"तुमने मेरी कक्षा के बच्चों को खाने की हिम्मत कैसे की,"
मिस जेलाबाई चिल्लाईं।




और उन्होंने उस बड़े, दमदार अजगर की
कमजोर नाक पर एक जोर का घूसा मारा।




फिर वह उस दर्द से कसमसाते हुए अजगर को पूंछ से उठा कर जोर-जोर से हिलाने लगीं। पहले टिम बाहर आया, फिर...




फिर पीटर और उसकी पहिएदार गाड़ी
जिम और मारिया
माइ लिन और पैनी
जैक और जैनी
पौल और टोनी
फिर किम और मिलौनी






मिस जेलाबाई ने यह जानने के लिए कि सब बच्चे वहां हैं, दो बार अपनी कक्षा के बच्चों की गिनती की। फिर उन्होंने उस पतले, थके हुए अजगर को एक पेड़ के ईर्द-गिर्द लपेट कर बांध दिया।

"अब तुम्हें पता चलेगा कि मेरी कक्षा को खाने से क्या होता है," वह बोलीं। इससे उन्हें याद आया कि दोपहर के खाने का समय हो गया है। यहां अवश्य ही कहीं पास में बर्गर बंगला होगा," उन्होंने कहा। "दुनिया में कहीं भी चले जाओ, वह पास ही होते हैं।"



और सच में, वहीं कौने पर एक बर्गर बंगला था।
"इसके एक दरवाजे पर शाकाहारी लिखा है और दूसरे पर मांसाहारी," टिम ने कहा। "इसका क्या मतलब है?"



"देखो टिम, शाकाहारी सब्जियां खाते हैं और मांसाहारी मांस," मिस जेलाबाई बोली। "हम आज काफी मांसाहारी प्राणियों से मिल लिए हैं इसलिए अब हम शाकाहारी भोजन ही करेंगे।"



"अब," मिस जेलाबाई ने पूछा, "अगले हफ्ते के प्रकृति अध्ययन के लिए हम कहां चले?"

"अगले हफ्ते हम चिड़ियाघर चलेंगे," टिम ने झट से उत्तर दिया।